संख्या- / / आर0बी0ओ0(आ0)/ काशीपुर/ 2003

(8)

प्रेषक-

सचिव,
आवास एवं शहरी विकास,
उत्तरांचल शासन ।

सेवा में,

अध्यक्ष/ जिलाधिकारी,
नियंत्रक प्राधिकारी, विनियमित क्षेत्र- काशीपुर,
जिला- उधमसिंह नगर।

आवास अनुभाग

देहरादून, दिनांक 8 सितम्बर,2003

विषय : विनियमित क्षेत्र काशीपुर महायोजना-2011 पर शासन की स्वीकृति।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर प्रभारी अधिकारी, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,उत्तरांचल सरकार, देहरादून के पत्रांक: 1092/नग्रानि/ वि0क्षे0-काशीपुर/ महायोजना/ 2003, दिनांक- 04 सितम्बर, 2003 के सन्दर्भ में मुझे यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि नियंत्रक प्राधिकारी, विनियमित क्षेत्र काशीपुर की बैठक दिनांक 09-05-2003 के निर्णय के क्रम में काशीपुर महायोजना-2011 को अन्तिम रूप देकर, स्वीकृति हेत प्रेषित की गयी है। प्रेषित काशीपुर महायोजना-2011 को एतद्द्वारा उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश (निर्माण कार्य विनियमन)अधिनियम 1958) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश-2002 के अन्तर्गत निर्गत निदेश - 1960 की धारा-10-ए(7) के अनुसरण में राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी है ।

2- कृपया काशीपुर की महायोजना पर शासन की स्वीकृति की सूचना किन्हीं दो प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराते हुये, उस सूचना में वह स्थान भी बताया जाये जहॉ पर सर्वसाधारण द्वारा महायोजना का सुगमतापूर्वक निरीक्षण किया जा सकता हो। इस सम्बन्धी समाचार पत्रों की एक-एक प्रति प्रभारी अधिकारी एवं शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3- उक्त विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से महायोजना प्रभावी मानी जायेगी ।

संलग्नक- महायोजना की स्वीकृत प्रति।

भवदीय,

(पी0 के0 महान्ति)
सचिव

संख्या-205 /आर0बी0ओ0(आ0)/ काशीपुर/2003 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1- प्रभारी अधिकारी, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तरांचल,देहरादून को स्वीकृत महायोजना की एक प्रति सहित ।

2- सहयुक्त नियोजक, कुमायूँ सम्भागीय नियोजन खण्ड, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तरांचल, हल्द्वानी (नैनीताल) को स्वीकृत महायोजना की एक प्रति सहित ।

(पी0 के0 महान्ति)
सचिव